DATE

235. पंजाब केसरी :- 17/06/2025

## विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की दी जानकारी

पालमपुर, 16 जून (भृगु): इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र 1187, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पालमपुर द्वारा आई.टी.आई. पालमपुर के छात्रों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा के अवसरों की जानकारी देना था। कार्यक्रम का आयोजन केंद्र समन्वयक डा. दीप कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ काऊंसलर प्रो. राजेश नरियाल और परिचारक कुलभूषण की विशिष्ट उपस्थिति रही। सभी विद्यार्थियों को इग्नू द्वारा संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, डिजिटल संसाधनों तथा लचीली अध्ययन प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को यह भी अवगत कराया गया कि इग्नू में जुलाई सत्र के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है।

साथ ही यह जानकारी भी सांझा की गई कि आई.टी.आई. के साथ-साथ छात्र इग्नू से बी.ए. या बी.कॉम. जैसे डिग्री पाठ्यक्रमों में नामांकन कर सकते हैं।

236. हिमाचल दस्तक :- 17/6/25

## इग्नू अध्ययन केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पालमपुर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र 1187, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पालमपुर द्वारा पालमपुर के छात्रों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा के अवसरों की जानकारी देना था। कार्यक्रम का आयोजन केंद्र समन्वयक डॉ. दीप कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ काउंसलर प्रो. राजेश नरियाल और परिचारक कुलभूषण की विशिष्ट उपस्थिति रही। सभी विद्यार्थियों को इग्नू द्वारा संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, डिजिटल संसाधनों, तथा लचीली अध्ययन प्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

237 अमर उजाला :- 17/6/2025 →

## विद्यार्थियों ने किया जागरूक

पालमपुर (कांगड़ा)। पालमपुर कॉलेज में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र की ओर से आईटीआई पालमपुर के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम करवाया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा के अवसरों की जानकारी देना था।

कार्यक्रम का आयोजन केंद्र समन्वयक डॉ. दीप कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ काउंसलर प्रो. राजेश नरियाल और परिचारक कुलभूषण की विशिष्ट उपस्थिति रही। सभी विद्यार्थियों को इग्नू द्वारा संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, डिजिटल संसाधनों, तथा लचीली अध्ययन प्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। संवाद

classmate

Scanned with OKEN Scanner

238. दिव्य हिमाचल : 19/06/2025

## पालमपुर कालेज और हिमाचल पर्यटन विभाग में करार



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर और हिमाचल पर्यटन विभाग के बीच बुधवार को एक महत्त्वपूर्ण समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में विशेष रियायतें प्रदान कराना है। इस समझौते के अंतर्गत हिमाचल पर्यटन द्वारा संचालित होटलों और पर्यटक आवास स्थलों पर रियायतें उपलब्ध कराई जाएंगी, जिसमें सीजन के दौरान आवास पर 20 प्रतिशत की छूट और ऑफ सीजन के दौरान कमरे के किराए पर 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक की छूट और भोजन पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कहा कि यह समझौता हमारे छात्रों और कर्मचारियों को हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर का नज़दीक से अनुभव करने का अवसर देगा। यह जानकारी महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉक्टर दीप कुमार ने दी।

239. दैनिक जागरण :- 19/06/2025

## बतरा कालेज व पर्यटन विभाग में समझौता

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर और हिमाचल पर्यटन विभाग के बीच बुधवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। कालेज के मीडिया प्रभारी डा. दीप कुमार ने बताया कि इस समझौते का उद्देश्य महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में विशेष रियायतें प्रदान कराना है। इस समझौते के अंतर्गत हिमाचल पर्यटन की ओर से संचालित होटलों और पर्यटक आवास स्थलों पर विद्यार्थियों को विशेष रियायतें उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें सीजन के दौरान आवास पर 20 प्रतिशत की छूट और आफ सीजन के दौरान कमरे के किराए पर 30 से 40 प्रतिशत तक की छूट सहित भोजन पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

DATE

240. दिव्य हिमाचल : 20/06/2025

# इग्नू अध्ययन केंद्र 1187 में अब स्नातकोत्तर की कक्षाएं शुरू

दिव्य हिमाचल ब्यूरो- पालमपुर

शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में स्थापित इग्नू अध्ययन केंद्र 1187 में अब स्नातकोत्तर स्तर की कक्षाओं की शुरुआत कर दी है। यह पहली बार है, जब इस प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में इग्नू के माध्यम से हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान तथा पर्यटन अध्ययन जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों में एमए पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा इस पहल को औपचारिक मान्यता प्रदान कर दी गई है] जो कि क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। उनके लिए एक सुनहरा अवसर है। इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली विद्यार्थियों को न केवल लचीलापन प्रदान करती है] बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी सशक्त भूमिका निभाती है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट www .ignou.ac .in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जानकारी के लिए विद्यार्थी इग्नू अध्ययन केंद्र 1187, शहीद कैप्टन विक्रम बतरा महाविद्यालय पालमपुर से संपर्क कर सकते हैं। समन्वयक डा. दीप कुमार ने यह जानकारी दी और क्षेत्र के छात्र से इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया।

दैनिक जागरण

241. 20/6/2025

# पालमपुर कालेज में इग्नू के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू



संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में स्थापित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र 1187 में अब स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर की कक्षाओं की शुरुआत हो चुकी है। यह पहली बार है जब यहां इग्नू के माध्यम से हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीतिक विज्ञान तथा पर्यटन अध्ययन जैसे महत्वपूर्ण विषयों में एमए पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

अध्ययन सामग्री डिजिटल व मुद्रित दोनों स्वरूपों में उपलब्ध कराई जाएगी। अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में अध्ययन किया जा सकेगा। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है।

इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी इग्नू अध्ययन केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। समन्वयक डा. दीप कुमार ने सुनहरे अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

242. पंजाब केसरी :-
20/06/2025

# इग्नू अध्ययन केंद्र पालमपुर में अब विद्यार्थी पढ़ सकेंगे पी.जी. पाठ्यक्रम

पालमपुर, 19 जून (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में स्थापित इग्नू अध्ययन केंद्र 1187 में अब स्नातकोत्तर स्तर की कक्षाओं की शुरूआत हुई है। यह पहली बार है जब इस प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में इग्नू के माध्यम से हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान तथा पर्यटन अध्ययन जैसे महत्वपूर्ण विषयों में एम.ए. पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा इस पहल को औपचारिक मान्यता प्रदान कर दी गई है। इस कदम से अब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु बड़े शहरों की ओर रुख करने की आवश्यकता नहीं रही। अध्ययन सामग्री डिजिटल व मुद्रित दोनों स्वरूपों में उपलब्ध कराई जाएगी तथा अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में अध्ययन किया जा सकेगा। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र 1187 के समन्वयक डॉ. दीप कुमार ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

243. The Tribune :- 22/06/2025



From left: Students of Shaheed Captain Vikram Batra Govt College, Palampur; a student of EuroKids Internat

**Capt Vikram Batra college promotes holistic well-being**

**Palampur:** Shaheed Captain Vikram Batra Government College, Palampur, celebrated International Yoga Day with great enthusiasm on June 21, aligning with the global theme "Yoga for One Earth, One Health." The event aimed to promote physical, mental and spiritual well-being across all age groups.

A mass yoga session was held on the college campus under the expert guidance of Suresh Kumar and his team of trained instructors. The session included a variety of asanas, pranayama techniques and meditation practices, creating a serene yet energised atmosphere.

Addressing the gathering, Principal Pankaj Sood emphasised that yoga is much more than a physical activity — it is a holistic path to a balanced and harmonious life. The celebration saw the enthusiastic participation of around 150 individuals, including NCC and NSS volunteers, students from the Physical Education Department and members of the Yoga, Fitness and Sports Society. — OC

244. अमर उजाला :- 22/06/2025



बिक्रम बतरा कॉलेज में योग सत्र। स्रोत : कॉलेज प्रबंधन

classmate

PAGE

DATE

245. पंजाब केसरी :- 22/06/2025.



पालमपुरः कैप्टन विक्रम बतरा महाविद्यालय में योग क्रियाएं करतीं छात्राएं। (भृगु)

246. पंजाब केसरी :- 26/06/2025 -

## बतरा महाविद्यालय की गर्ल्स कैडेट्स ने ट्रैकिंग कैंप में भाग लिया



पालमपुरः ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रैकिंग कैंप में भाग लेतीं विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की गर्ल्स कैडेट्स। (भृगु)

पालमपुर, 25 जून (भृगु) : ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रैकिंग कैंप हिमट्रैक में शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की 8 गर्ल्स कैडेट्स एवं एन.सी.सी. अधिकारी लैफ्टिनैंट रेणु डोगरा ने भाग लिया। बेस कैंप धर्मशाला के छावनी क्षेत्र में स्थापित किया गया। यह अभियान 2 चरणों में चल रहा है। दूसरा चरण 26 जून तक चलेगा। एन.सी.सी. ग्रुप मुख्यालय शिमला के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान का संचालन एन.सी.सी. महानिदेशालय डी.जी. एन.सी.सी. की ओर से 9 एच.पी. बटालियन एन.सी.सी. डल्हौजी एवं 5 एच.पी. आई कॉय एन.सी.सी. धर्मशाला द्वारा किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर के शिविर में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से लगभग 500 गर्ल्स कैडेट्स ने भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफैसर पंकज सूद ने एन.सी.सी. कैडेट्स को इस शिविर में भाग लेने पर बधाई दी।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

247. दैनिक जागरण !- 26/06/2025

250.

## ट्रैकिंग करने का मजा ले रहे एनसीसी कैडेट

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की आठ गर्ल्स कैडेट्स ने एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट रेणु डोगरा के नेतृत्व में आल इंडिया गर्ल्स ट्रैकिंग कैंप में भाग लिया। इसका बेस कैंप धर्मशाला को छावनी क्षेत्र में स्थापित किया गया। मीडिया प्रभारी डा. दीप कुमार ने बताया कि यह अभियान दो चरणों में चल रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर के शिविर में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली, जम्मु-कश्मीर और लद्दाख से लगभग की 500 गर्ल्स कैडेट्स भाग ले रही हैं। कैडेट्स ने विभिन्न धौलाधार पर्वत शृंखलाओं में



एनसीसी कैंप में भाग लेने वाले प्रतिभागी • जागरण

ट्रैकिंग की एवं स्थानीय मंदिरों, बौद्ध मठ और ऐतिहासिक स्थलों की भी यात्रा की। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स में अनुशासन, एकता, साहस और नेतृत्व को बढ़ावा देना है। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने एनसीसी कैडेट्स को इस शिविर में भाग लेने पर बधाई दी।

दैनिक जागरण :- 27/06/2025 249. दिव्य हिमाचल !- 27/06/2025

248.

## तकनीकी शिक्षा को आवश्यकता के अनुरूप ढालने की जरूरत

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग शिक्षा मंत्रालय एवं बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन को लेकर हिमालयन जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (आइएचबीटी) पालमपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू हुई। मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान निदेशक डा. सुदेश कुमार यादव ने शिरकत की। डा. सुदेश कुमार यादव ने कहा कि तकनीकी शिक्षा को समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप ढालना आज की बड़ी जरूरत है। कार्यक्रम समन्वयक डा. अनुपम डोगरा ने संगोष्ठी के उद्देश्य की रूपरेखा प्रस्तुत की। जेएस रावत सहायक निदेशक सीएसटीटी ने बताया कि हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं की मानक शब्दावली को लोकप्रिय बनाने तथा इसके प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक तकनीकी शिक्षा आयोग निरंतर कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, सम्मेलनों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है। हिमाचल प्रदेश में उनका यह दूसरा कार्यक्रम है।

आयोजक संरक्षक प्राचार्य पंकज सूद ने सीएसटीटी और आइएचबीटी का आभार प्रकट किया और वर्तमान में तेजी से बदलते शैक्षिक परिदृश्य में संगोष्ठी की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। डा. अंसारी ने बताया कि देशभर से एकत्रित तकनीकी शब्दावली का उपयोग आम बोलचाल की भाषा में शामिल हो। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर कल्पना ऋषि ने दिया।

उद्घाटन सत्र के पश्चात दो तकनीकी सत्रों का आयोजन हुआ, इनमें चार विशेषज्ञ वक्ताओं ने व्याख्यान दिए। डा. आलोक चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए तकनीकी शब्दावली के मानकीकरण की विस्तृत चर्चा की। प्रो. कुलभूषण चंदेल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

## पालमपुर में तकनीकी शब्दावली विषय पर कार्यक्रम का शुभारंभ

पालमपुर। वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार दिल्ली एवं शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के संयुक्त तत्वावधान से राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयनरू बहु-विषयक शिक्षण एवं क्षेत्रीय भाषाओं में तकनीकी शब्दावली विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ सीएसआईआरए हिमालयन जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर के भटनागर प्रेक्षागृह में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में डाक्टर सुदेश कुमार यादव ने शिरकत की। कायक्र म का शुभारंभ वंदे मातरम, सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में प्रोफेसर कुलभूषण चंदेल, प्रोफेसर नरेंद्र, डाक्टर नीरज शर्मा, डा. शैलजा वसुंधरा मौजूद रहे। इस संगोष्ठी में 140 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

classmate

Scanned with OKEN Scanner

DATE 27/06/2025

पंजाब केसरी :- 27/06/2025

250.

PAGE

# तकनीकी शिक्षा को समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप ढालना आज बड़ी आवश्यकता

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का क्रियान्वयन विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आरंभ

पालमपुर, 26 जून (भृगु): वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार दिल्ली एवं शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के संयुक्त तत्वावधान से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन, बहु-विषयक शिक्षण एवं क्षेत्रीय भाषाओं में तकनीकी शब्दावली विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हिमालयन जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में संस्थान के निदेशक डा. सुदेश कुमार यादव उपस्थित रहे। डा. सुदेश कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि तकनीकी शिक्षा को समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप ढालना आज की बड़ी आवश्यकता है। नई शिक्षा नीति में एक विषय का ज्ञान ही नहीं अपितु अन्य विषय का ज्ञान होना भी आवश्यक है। कार्यक्रम में समन्वयक डा. अनुपम डोगरा ने संगोष्ठी के उद्देश्य की रूपरेखा प्रस्तुत की।

इंजीनियर जे.एस. रावत सहायक निदेशक सी.एस.टी.टी. ने अपने उद्बोधन में बताया कि हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं की मानक शब्दावली को लोकप्रिय बनाने तथा इसके प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक तकनीकी शिक्षा आयोग निरंतर कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, सम्मेलनों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है।



पालमपुरः राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रतिभागी सामूहिक चित्र में। (भृगु)

हिमाचल प्रदेश में उनका यह दूसरा कार्यक्रम है। आयोजक संरक्षक प्राचार्य प्रोफैसर पंकज सूद ने सी.एस.टी.टी. और आई.एच.बी.टी. का आभार प्रकट किया और वर्तमान में तेजी से बदलते शैक्षिक परिदृश्य में संगोष्ठी की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। डॉक्टर अंसारी ने बताया कि देशभर से एकत्रित तकनीकी शब्दावली का उपयोग आम बोलचाल की भाषा में शामिल हो ताकि हमारा लक्ष्य पूर्ण हो सके। उद्घाटन सत्र के पश्चात दो तकनीकी सत्रों का आयोजन हुआ, जिनमें चार विशेषज्ञ वक्ताओं ने व्याख्यान दिए।

डॉक्टर आलोक चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए तकनीकी शब्दावली के मानकीकरण की चर्चा की। प्रोफैसर कुलभूषण चंदेल राष्ट्रीय शिक्षा नीति समन्वयक एच.पी.यू. शिमला ने शैक्षणिक एवं संस्थागत स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

प्रोफैसर नरेंद्र के. सांख्यान कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने उच्च शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बहुभाषीय और बहुविषयक दृष्टिकोण की आवश्यकता को रेखांकित किया।

डॉक्टर छगनलाल ने भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और संवर्धन में भारतीय भाषाओं की भूमिका पर बिचार प्रस्तुत किए। सत्र की अध्यक्षता डाक्टर नीरज शर्मा, डा. शैलजा वासुदेवा, प्रोफैसर नेम राज द्वारा की गई जबकि प्रोफैसर कल्पना ऋषि भी उपस्थित रही।

classmate

Scanned with OKEN Scanner

DATE

251. हिमाचल दस्तक :- 27/06/2025

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू



हिमाचल दस्तक ▮ पालमपुर

**वैज्ञानिक** तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार दिल्ली एवं शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के संयुक्त तत्वावधान से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन: बहु-विषयक शिक्षण एवं क्षेत्रीय भाषाओं में तकनीकी शब्दावली विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ सीएसआईआर हिमालयन जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर के भटनागर प्रेक्षागृह में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में डॉ. सुदेश कुमार यादव ने शिरकत की। डॉ. सुदेश कुमार यादव ने कहा कि तकनीकी शिक्षा को समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप ढलना आज की बड़ी जरूरत है। नई शिक्षा नीति में एक विषय का ज्ञान ही नहीं बल्कि अन्य विषय का ज्ञान होना भी जरूरी है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनुपम डोगरा ने उपस्थितजनों का अभिनंदन किया और संगोष्ठी के उद्देश्य की रुपरेखा प्रस्तुत की। इंजीनियर जेएस रावत सहायक निदेशक, सीएसटीटी ने बताया कि हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं की मानक शब्दावली को लोकप्रिय बनाने तथा इसके प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक तकनीकी शिक्षा आयोग निरंतर कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, सम्मेलनों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है। आयोजक संरक्षक प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने सीएसटीटी और आईएचबीटी का आभार प्रकट किया।

253.

254.

252. अमर उजाला :- 27/06/2025

# तकनीकी शिक्षा की आवश्यकताओं के अनुरूप ढलना जरूरी : डॉ. सुदेश

पालमपुर (कांगड़ा)। वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के संयुक्त तत्वावधान दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई।

सीएसआईआर संस्थान पालमपुर में आयोजित यह संगोष्ठी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन बहु- विषयक शिक्षण एवं क्षेत्रीय भाषाओं में तकनीकी शब्दावली विषय पर आधारित थी। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

डॉ. सुदेश कुमार यादव ने कहा कि तकनीकी शिक्षा को समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप ढलना आज की बड़ी जरूरत है। नई शिक्षा नीति में एक विषय का ज्ञान ही नहीं, बल्कि अन्य विषय का ज्ञान होना भी जरूरी है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनुपम डोगरा ने सबका स्वागत कर संगोष्ठी के उद्देश्य की रुपरेखा प्रस्तुत की।



शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित कार्यशाला के गणमान्य। स्रोत: आयोजक

classmate

PAGE

90

253. दैनिक जागरण :- 29/06/2025

DATE

# पारंपरिक शिक्षा मूल्यों को पुनर्जीवित करती है एनईपी

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : विज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार दिल्ली एवं बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के संयुक्त तत्वावधान में बहु -विषयक शिक्षण एवं क्षेत्रीय भाषाओं में तकनीकी शब्दावली विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का समापन हो गया। संगोष्ठी के दूसरे दिन की शुरुआत तृतीय तकनीकी सत्र से हुई, इसमें स्वामी श्रद्धानंद महाविद्यालय(दिल्ली यूनिवर्सिटी) के सहायक प्रोफेसर डा. छगनलाल ने भारतीय भाषाओं की भारतीय ज्ञान परंपरा में भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय भाषाएं केवल सम्प्रेषण का साधन नहीं, बल्कि ज्ञान और संस्कृति की संवाहिका हैं। डीन अकादमिक (केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश) डा. प्रदीप कुमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा व राष्ट्रीय शिक्षा



पालमपुर में शनिवार को बहु-विषयक शिक्षण एवं क्षेत्रीय भाषाओं में तकनीकी शब्दावली विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का समापन पर मौजूद मुख्यतिथि व अन्य गणमान्य • जागरण

नीति(एनईपी) पर व्याख्यान में कहा कि यह भारत के पारंपरिक शिक्षा मूल्यों को पुनर्जीवित करती है।

डीएवी जालंधर के सहायक प्राध्यापक डा. कुंवर राजीव ने शब्दावली अवधारणा तकनीक विज्ञानिक तरीकों के साथ स्मृति कला का विलय विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। राजकीय महाविद्यालय मझीण के प्राचार्य डा. चंदन भारद्वाज ने एनईपी 2020 के क्रियान्वयन में शिक्षकों की बदलती भूमिका पर व्याख्यान दिया। राजकीय महाविद्यालय हरिपुर गुलेर के सहायक आचार्य डा. दिनेश कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्व विषय पर व्याख्यान दिया। तकनीकी सत्र के उपरांत संगोष्ठी का समापन समारोह हुआ। इसके मुख्य अतिथि उच्चतर शिक्षा निदेशक डा. अमरजीत कुमार शर्मा रहे। संगोष्ठी समन्वयक डा. अनुपमा डोगरा ने दो दिवसीय संगोष्ठी की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

Scanned with OKEN Scanner